# अखिल भारतीय प्रजापति (कुम्भकार) महासंघ (रजि.)

स्वातंत्र्य सेनानी कमलाकर पाटील हाल, भयंदर पूर्व, मुंबई

दिनांक 26/12/2018 को सम्पन्न बैठक का वृतान्त

श्री RBK प्रजापति (राष्ट्रीय अध्यक्ष) ने बैठक की अध्यक्षता की. सर्व प्रथम श्री दयाल दुहारिया (मुंबई प्रदेश महासचिव) ने सबका मौखिक स्वागत किया.

कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन करके किया गया, जिसमें श्री RBK प्रजापति राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री गोवर्धन भाई चौहान (राष्ट्रीय मुख्य महासचिव), राजयोगिनी ब्रह्मा कुमारी कुंती बहन सहित अन्य कई माननीय पदाधिकारी गण ने भाग लिया.

श्री गोवर्धन भाई चौहान (राष्ट्रीय मुख्य महासचिव) ने मंच संचालन किया तथा मीटिंग का एजेंडा पढ़कर सुनाया, तदनुसार कार्यक्रम की शुरुआत हुई. श्री गोवर्धन भाई चौहान के अनुरोध पर सभी उपस्थित लोगों ने खड़े होकर दो मिनट मौन रखकर समाज के महान दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित किया.

श्रीमती शीला प्रजापति (राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष) ने राजयोगिनी ब्रह्मा कुमारी कुंती बहन का शाल ओढ़ाकर स्वागत सम्मान किया. कुंती बहन ने अपना आशीर्वचन दिया और कहा कि समाज को मजबूत करने के लिए दृढ़ता का संकल्प होना चाहिए.

श्री गोवर्धन भाई चौहान (राष्ट्रीय मुख्य महासचिव) ने सबका स्वागत किया तथा भोपाल में सम्पन्न दिनांक 07/04/2018 की मीटिंग का मिनट पढ़कर सुनाया. उनके अनुरोध पर सबने हाथ उठाकर अनुमोदन किया.

श्री भैरुलाल प्रजापति (राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष) ने आय व्यय का विवरण पेश किया तथा उनके अनुरोध पर सबने हाथ उठाकर उसे पारित किया.

श्री M D प्रजापति ( C A ): इस संस्था का ऑडिट करने का अधिकार व मौका संस्था ने मुझे दिया है. इस Account में यदि किसी को कुछ पूछना है, तो पूछ सकते हैं.

श्री RBK प्रजापति (राष्ट्रीय अध्यक्ष): इस संस्था का लक्ष्य पूरे भारत के गाँवों तक पहुँचना है. प्रदेश में चुनाव के लिए वहाँ उचित संख्या में (कम से कम 1000) आजीवन सदस्य बनाया जाय अन्यथा केंद्र को चुनाव का अधिकार दिया जाय.

श्री मोहन प्रजापति (म.प्र.): प्रदेश में चुनाव के लिए कम से कम 2500 आजीवन सदस्य बनाया जाय. गावँ तक पहुचने के लिए वार्षिक सदस्यता शुल्क 100/- रखा जाय.

श्री हेमंत प्रजापति (अतिरिक्त राष्ट्रीय मुख्य महासचिव): चुनाव से दरार बढ़ता है. दरार भरने में काफी समय लग जाता है. चुनाव में काफी खर्च भी होता है. अतः चुनाव आपसी सहमति से हो. केवल राष्ट्रीय अध्यक्ष का ही चुनाव हो, वह अपनी टीम चुने.

श्री माँगीलाल रेडवाल (इंदौर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष); संगठन और समाज बनाने में काफी मेहनत और खर्च लग जाता है. अतः प्रदेश अध्यक्ष आपसी तालमेल से बनाना चाहिए.

Shri Dattatrey Kulal (Karnataka): Election should not bring bitterness among us. Their Ego should not clash. We made huge development in our community in Karnataka. Single membership will be there. Revolutionary point is going on in MP, Rajasthan and 36garh. Thank you to give me opportunity to speak.

श्री लूनचंद सिनावाडिया (राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष) : मैं एक प्रस्ताव रखना चाहता हूँ. आज 6100 आजीवन सदस्य हैं. जो जिला अपने संगठन से छात्रावास के लिए जगह उपलब्ध करायेंगे, वहाँ कंस्ट्रक्शन के लिए हम महासंघ के लोग पैसा देंगे. छात्रावास से जो छात्र निकलेंगे, यदि वे कल MLA, MP बन जायेंगे तो समाज के लिए अवश्य काम करेंगे.

श्री उदयनाथ साहू ने उड़िया में भाषण दिया. महासंघ में जो चुनाव हो रहा है उसमें विभाजन की वजह से समस्या आती है. अतः RBK प्रजापति को ही अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाय.

श्री दत्ता जी कुंभार (महाराष्ट्र): ग्रामीण इन्डस्ट्री खादी उद्योग के लिए मिट्टी के बर्तन तथा कुल्हड़ कुंभार से ही लिया जाय. कुंभार का डाटा गावँ वाइज भेजें. उनको सुविधा देने में आसानी होगी.

श्री महेन्द्र मेवाड़ा (जोधपुर): 2000 की सदस्य संख्या के लिए राजस्थान सहमत है. समाज के लोग आम चुनाव के वक्त सो जाते हैं. चुनाव समाज में मत लड़ो. लोकसभा, विधान सभा का चुनाव लड़ो. राज्यसभा में जाने के लिए सरकार पर दबाव बनाओ. मध्य प्रदेश, राजस्थान और 36गढ़ में कांग्रेस OBC को साथ लेने की वजह से सरकार में आई.

Shri Siddhanja Shetty (Karnataka): On this occasion I will tell in brief. I was in this Sanstha from so many years. Mahasangh is grown up at the best level. I went to Delhi

to attend a meeting in 1993. Shri B N Pahadi told, there is no existence of Mahasangh in South India. Please work for it. In 1994 a grand meeting was held in Bangalore. After Indore world sammelan, we will able to reach chief minister of Karnataka and we arrange a meeting in Bangalore. We met CM Yedurappa.

श्री सीताराम पंडित (नेपाल): हम लोग 2 करोड़ की जनसंख्या वाले देश नेपाल में 10 लाख हैं. कुम्हार का काम करने वाले लगभग 50 हजार हैं. यहाँ मुझे सब लोगों से प्यार मिला. एकता बहुत जरुरी है. नेपाल से 3 लोग आये हैं. उन्होंने रुद्राक्ष देकर श्री RBK प्रजापति (राष्ट्रीय अध्यक्ष), श्री गोवर्धन भाई चौहान (राष्ट्रीय मुख्य महासचिव) तथा श्री मनोज प्रजापति (राष्ट्रीय युवाध्यक्ष) का सम्मान किया.

Shri K V Jayaraman (Tamil Nadu): In our state government is giving 12 Crore for our community every year. State Government has issued 4 G. Os. for our community.

श्री गोविन्द भाई प्रजापति (प्रदेश अध्यक्ष, गुजरात): संस्था को आगे बढ़ाने के लिए आजीवन सदस्य बनाना जरुरी है. गुजरात में 10,00 आजीवन सदस्य बनाया जायेगा. जिला, तहसील, गावँ सब जगर लाइफ मेम्बर बनेंगे. समाज में उत्साह होना चाहिए. सबको लाइफ मेम्बर बनना जरुरी है. लगभग पूरा समाज BJP के साथ है. कांग्रेस में भी अपने समाज के लोग होने चाहिए. केन्द्र में भी और राज्य में भी. पूरे देश ने देख लिया कि कभी भी सरकार बदल जाती है. आप लोग सहमति दें तो मैं कांग्रेस में जाऊँ.

श्री गोवर्धन भाई चौहान (राष्ट्रीय मुख्य महासचिव): मुंबई में एक ही जगह लगभग 5 हजार गरीब प्रजापति समाज के लोग रहते हैं. वहाँ से 4 लड़के CA बने हैं.

श्री RBK प्रजापति (राष्ट्रीय अध्यक्ष) तथा मंच पर उपस्थित महानुभावों ने पुस्तक “मोकने परिवार 2018” का विमोचन किया.

श्रीमती शीला प्रजापति (राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष): हमारे देश की महिलायें काफी व्रत पूजा करती हैं. मैंने पूजा विधि का मारवाड़ी भाषा से हिन्दी में अनुवाद किया है, ताकि नई पीढ़ी भी पूजा की उचित विधि समझ सके.

श्री ए. कृष्णा (हैदराबाद): मैं 3-4 वर्ष से इस राष्ट्रीय कमेटी में शामिल हुआ हूँ. मेम्बरशिप को कैसे आगे बढ़ाना है ? हर राज्य में Prime मेम्बरशिप 100 रूपये, 200 रूपये आदि होने चाहिए. Central Level मेम्बरशिप 1100 रूपये से लेकर 5000 रूपये तक

होनी चाहिए. यहाँ सभी 29 राज्यों का प्रतिनिधित्व नहीं है. सभी राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष यहाँ आने चाहिये. हर प्रदेश का visit कीजिये. वहाँ मेम्बर बनाइये.

श्री RBK प्रजापति (राष्ट्रीय अध्यक्ष): पहले 100 रूपये की मेम्बरशिप शुरू हुई थी, लेकिन सफलता नहीं मिली. जो 100/- का एक लाख मेम्बर बनायेगा, उसको सम्मानित किया जायेगा.

श्री भँवरलाल पॉटर (प्रदेश अध्यक्ष, राजस्थान): तहसील या जिले में जो भी मेम्बर बनायें, उसकी जानकारी केन्द्रीय कार्यालय में जरुर आनी चाहिए. कोई भी कार्यक्रम Local Sponsorship से करें.

श्री अशोक प्रजापति (प्रदेशाध्यक्ष, मध्य प्रदेश): चुनाव प्रक्रिया के बारे में चर्चा होनी चाहिये. 2019 के आम चुनाव के पूर्व नई दिल्ली में हमारा विश्व सम्मलेन होना चाहिए. अभी राज्यसभा की कुछ सीटें खाली हो रही हैं. इसके लिए सभी राजनैतिक पार्टियों से सम्पर्क करना जरूरी है. जो चीज हम हासिल करना चाहते हैं, उसके लिए ताकत लगाना जरुरी है. तभी राजनैतिक पार्टियाँ कहेंगी कि प्रजापति समाज को नहीं भूलेंगे.

श्री संघप्रिय प्रजापति (कानपुर): मैंने 4 वर्ष से कानपुर में सामुहिक विवाह कराया है. सदस्यता शुल्क 1200/ के बदले (100/ बढ़ोतरी) के बदले 1100/ ही रहना चाहिए या अधिक से अधिक 1151/ किया जाना चाहिये.

Shri C. H. Ashok Kumar (Youth President, Hyderabad): Everybody knows we are poor and backward community. We have to strengthen ourselves. We are 12 lakhs in Telengana State. We should have at least 1 Lakhs membership. Local membership (temporary) also should be there for local expenditure. We have to inform every state government about our sanstha. There is no reservation for our community in our state.

श्री RBK प्रजापति ने 100/, 200/ की मेम्बरशिप के लिए स्पष्टीकरण दिया. आप लोग संगठन का महत्व समझिये. यदि 100/ वाला बना रहे हैं तो कम से कम एक लाख मेम्बर बनाइये तो ही उसका कुछ मतलब है. आप पूरे प्रदेश में काम कीजिये. हम अपनी सभी मीटिंगों और कार्यों की CD जारी करने जा रहे हैं. आप उसको देखिये. हम हर प्रदेश सरकार से पत्र व्यवहार करते हैं. हम केंद्र सरकार से भी पत्र व्यवहार करते हैं. हमने OBC में भी वर्गीकरण की माँग की है. अन्यथा कुछ खास जातियाँ ही उसका लाभ ले पाती हैं.

श्री दयाल दुहारिया (मुम्बई): 100/ की मेम्बरशिप प्रदेश अध्यक्ष की देख रेख में होना चाहिए. किसी को भी सीधे पद न दिया जाय, बल्कि उनको कुछ साल तक समाज के लिए काम करने के लिए कहा जाय. बाद में वे पद की माँग करें.

श्री विशाल वर्मा (हरियाणा): आने वाले समय में राजनीति में हमारे समाज की कितनी भागीदारी हो, यह सुनिश्चित करना चाहिए. हमने अब तक दूसरे समाज के लोगों को MLA, MP बनाया है. अब अपने समाज के लोगों को MLA, MP बनाने का समय आ गया है. तभी आपका राज आयेगा. एक विश्व सम्मलेन दिल्ली में होना चाहिए, ताकि प्रधानमंत्री की आँख खुल सके. मैं खुद 2000 पब्लिक लेकर आऊँगा. हमें राजनीतिक पार्टियों के पीछे भागना नहीं पडेगा.

Shri Venkataraman (Andhra Pradesh): RBK Prajapati is doing very hard work for giving service to our community in India. It is very wonderful to meet Mr. Goverdhan Chauhan. In your tenure I will also give my services to the Mahasangh.

श्री बाबू कुंभार (कर्नाटक): हम 500 मेम्बर अवश्य बनवा देंगे. भारत सरकार तथा राज्य सरकार हमारे समाज को क्या सुविधा देती है, उसकी जानकारी चाहिए.

श्री RBK प्रजापति ने माटीकला बोर्ड से क्या मिलता है उसके बारे में बताया.

मुंबई की सभी स्थानीय संस्थाओं के प्रतिनिधिओं का स्वागत सम्मान किया गया.

श्री अनिल बच्चू भाई चौहान (प्रदेशाध्यक्ष, मुंबई): हम सब मिलकर दिल्ली में एक बड़ा आयोजन करें. माननीय अध्यक्ष जी इस बारे में अवश्य विचार करें. चुनाव होने में अभी 3-4 महीने का समय है. श्री मोहन भाई मेवाड़ा को मुंबई का अध्यक्ष बनाया जाय.

श्री RBK प्रजापति: इसके लिए आज ही कमेटी बनाइये. इसके लिए फण्ड की भी जरुरत पड़ेगी, बाहर से आये हुए लोगों के रहने की व्यवस्था करनी पड़ेगी.

श्री श्रीचंद प्रजापति (अध्यक्ष, माटीकला बोर्ड, झारखण्ड): मैंने सरकार से एक प्लाट लिया है. मैं महासंघ से निवेदन करता हूँ कि माटीकला बोर्ड को संवैधानिक दर्जा देने के लिए सरकार से वार्ता करें. यदि राजनीतिक दल हमारे समाज को टिकट दें तो हम प्रदेश में कम से कम 3 MLA का चुनाव जीत सकते हैं. अध्यक्ष महोदय ने पूछा है कि आप कितने व्यक्ति दिल्ली में लायेंगे और कितना फण्ड देंगे. मैं कहता हूँ कि आप आगे तो बढ़ो. झारखण्ड सरकार से हमने 7 करोड़ का फण्ड लिया है. मैं 1500 चाक समाज के

लोगों को बाँटने जा रहा हूँ. राजनीतिक समीक्षा बैठक करने के लिए जनवरी के प्रथम सप्ताह में हमें दिल्ली चलना चाहिये. प्रजापति समाज बहुत समय से संघर्षशील है. गरीबों के लिए भी हमारी योजना बननी चाहिए.

श्री भैरुलाल प्रजापति (राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष) ने बताया कि महासंघ से फायदा लेने के लिए सदस्य को क्या करना चाहिए.

श्री रामपाल प्रजापति (युवाध्यक्ष उ.प्र.): महासंघ की ताकत जब तक नहीं बढ़ेगी तब तक कोई हमें महत्व नहीं देगा. आज मध्य प्रदेश में हमारे समाज के व्यक्ति को विधान सभा का अध्यक्ष बनाया गया है. हमें संगठन के माध्यम से अपने संवैधानिक अधिकारों के लिए लड़ना चाहिए. उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में हमें MBC का दर्जा मिलना चाहिए. OBC में रहने पर हमारा हक अन्य लोग ले जायेंगे. व्यवस्था परिवर्तन की जो लहर चल रही है, उसमें हमारी मुख्य भूमिका होनी चाहिए. हमारी मूलभूत सुविधाओं के लिए आन्दोलन करना चाहिए. अन्याय के खिलाफ लड़ना होगा. मातृशक्ति को भी साथ लेकर चलना होगा. राजनीति भी बहुत जरूरी है. हमारे समाज के कम से कम 5 लोकसभा सदस्य होने चाहिये.

श्री भँवरलाल पॉटर (जोधपुर, राजस्थान): राजस्थान में 33 जिले हैं. सभी जिलों में जिला अध्यक्ष बना दिए गये हैं. राजस्थान में लगभग 1200 लाइफ मेम्बर हैं. वहाँ योजनाबद्ध तरीके से संगठित होकर और प्लानिंग से काम हो रहा है. पद तथा पैसे को लेकर राजस्थान में कोई मतभेद नहीं है. कोई भी काम करने वाला व्यक्ति हो तो सामने आये, उसे मौका दिया जायेगा. राजस्थान में समाज के 5 उम्मीदवार को विधान सभा का टिकट मिला था, जिसमें से 3 MLA चुनकर आये.

बैठक की कार्यवाई सौहार्द्रपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई.

श्री गोवर्धन भाई चौहान ने सबका आभार प्रकट किया. श्री RBK प्रजापति (राष्ट्रीय अध्यक्ष) ने बैठक समाप्ति की घोषणा की.

| | |
|---|---|
| विजय प्रकाश प्रजापति | प्रजापति गोवर्धन भाई चौहान |
| (राष्ट्रीय संगठन सचिव ) | (राष्ट्रीय मुख्य महासचिव) |